5 जनवरी 2026
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



ब्रह्मपुर से पकड़ा गया 25 हजार का इनामी अपराधी हत्या समेत कुल आठ संगीन मामलों में है नामजद

2



## एक/नजर

### त्रिशूर रेलवे स्टेशन पार्किंग एरिया में लगी भीषण आग

**त्रिशूर।** केरल के अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में आग भड़क उठी। इस दुर्घटना में लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आग सुबह करीब 6.20 बजे पेड-पार्किंग शेड में लगी और उन्हें 6.40 बजे आपातकालीन सूचना मिली। माना जा रहा है कि बिजली की तार से निकली चिंगारी एक ढके हुए दोपहिया वाहन पर गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। अनुमान है कि शेड में करीब 500 वाहन खड़े थे, जिनमें से अधिकतर इसकी चपेट में आ गए। इस दौरान आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और सुबह तक लपटों पर काबू पा लिया गया। आग को स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए। अधिकारी ने बताया कि जिस जगह आग लगी थी, उसके पास रेलवे ट्रैक पर एक रेल इंजन खड़ा था, लेकिन रेलवे ने उसे किसी बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं की है। वाहनों के अलावा, टिन की चादरों से बना पूरा शेड भी नष्ट हो गया।

### खुद को उम्मीदवार घोषित करने से बचे

**वायनाड।** इस साल केरल, असम, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इससे पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार (04 जनवरी) को पार्टी नेताओं को बड़ी नसीहत दी है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी के बारे में खुद घोषणा करने से बचना चाहिए। दरअसल, केसी वेणुगोपाल वायनाड के सुल्तान बाथेरी में विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत आयोजित दो दिवसीय नेतृत्व शिविर 'लक्ष्य 2026' के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। जहां उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीदवारी के बारे में खुद घोषणा नहीं करनी चाहिए। हमें पार्टी के घोषित फैसले का इंतजार करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि नेताओं को पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा करने की आजादी है।

# धुंध की चादर में लिपटा रहेगा दिल्ली समेत पूरा उत्तर-भारत, ठंड से कांपेगा

- पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान
- दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता बिगड़ने और ठंड का येलो अलर्ट जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में सर्दी का सितम जारी है। अभी दिल्लीवालों को आने वाले कुछ दिनों तक धुंध और कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को दिल्ली और उसके आसपास इलाकों में धुंध छाई रहेगी। धूप के दर्शन मुश्किल हैं। वहीं, पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान समेत पूरा उत्तर-भारत कल भी भयंकर शीतलहर की चपेट में रहेगा। इसके अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अभी और बर्फबारी होने की संभावना बनी हुई हैं। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। 5 जनवरी को देश के 10 राज्यों में शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। बर्फीली हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है, जबकि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावना है।

### पहाड़ी राज्यों में भयंकर सर्दी का प्रकोप

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में शीतलहर, कोहरे और बर्फबारी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इन राज्यों में ठंड का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में अगले 5 दिनों तक भीषण शीतलहर और घने कोहरे का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि बर्फीली हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आएगी, जिससे कड़ाके की ठंड लोगों को जकड़ लेगी। यह ठंड इतनी भीषण होगी कि दिन में भी लोगों को गर्म कपड़ों में लिपटे रहना पड़ेगा।

### यूपी में कड़ाके की ठंड और कोहरे का डबल अटैक

उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही पछुआ हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। इसका मतलब है कि ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिससे ठंड और बढ़ गई है। कुछ जिलों में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं, जिससे दिन में भी कोल्ड डे (शीत दिवस) जैसी स्थिति बनी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, 5 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में और कमी आएगी और घने से अति घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।

# अप्रैल में तमिलनाडु में बनेगी एनडीए की सरकार : अमित शाह

**एजेंसी। पुदुक्कोट्टई**

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह तमिलनाडु के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने रविवार को पुदुक्कोट्टई में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए भविष्यवाणी की है कि अप्रैल में तमिलनाडु के अंदर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अप्रैल 2026 में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाले चुनावों में, भाजपा, एआईएडीएमके और हमारी सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर कांग्रेस और डीएमके को आखिरी टक्कर देने के लिए एक मजबूत गठबंधन बनाने जा रही है। डीएमके सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। अगर पूरे भारत में कहीं सबसे भ्रष्ट सरकार है, तो दुर्भाग्य से वह तमिलनाडु में है। शाह ने तमिलनाडु की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। तमिलनाडु सरकार का सिर्फ एक ही मकसद है, और वो है मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन को राज्य का मुख्यमंत्री बनाना। मैं तमिलनाडु के लोगों से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु में वंशवादी राजनीति का अंत करने का समय आ गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पहले दी मंजूरी

# हाईकोर्ट ने नहीं की एड-हॉक जजों की नियुक्ति




- हाई कोर्ट में 18 लाख से अधिक आपराधिक मामलों के लंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम द्वारा लगभग एक वर्ष पहले लंबित आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए रास्ता साफ किए जाने के बावजूद अब तक किसी भी हाईकोर्ट में तदर्थ (एड-हॉक) न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं हो सकी है, क्योंकि हाईकोर्ट ने इस दिशा में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया से अवगत लोगों के अनुसार, 25 हाईकोर्ट में से किसी ने भी एड-हॉक जज के तौर पर नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 लाख से अधिक आपराधिक मामलों के लंबित होने पर चिंता व्यक्त करते हुए पिछले साल जनवरी में हाईकोर्ट को एड-हॉक न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अनुमति दी थी, जिनकी संख्या न्यायालय की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, केंद्रीय कानून मंत्रालय को अभी तक किसी भी हाईकोर्ट कॉलेजियम से सेवानिवृत्त जजों को एड-हॉक आधार पर नियुक्त करने के लिए कोई सिफारिश नहीं मिली है। संविधान का अनुच्छेद 224ए हाईकोर्ट में मामलों के बैकलॉग को मैनेज करने में मदद के लिए सेवानिवृत्त जजों को एड-हॉक जज के तौर पर नियुक्त करने की अनुमति देता है।निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित हाईकोर्ट के कॉलेजियम विधि मंत्रालय के न्याय विभाग को हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें भेजते हैं। इसके बाद विभाग उम्मीदवारों के बारे में जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम को भेज देता है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम अंतिम निर्णय लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है। राष्ट्रपति नवनियुक्त न्यायाधीश के ‍नियुक्ति पत्र‍ पर हस्ताक्षर करते हैं। एड हॉक न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया स्थायी जैसी ही रहेगी, सिवाय इसके कि राष्ट्रपति नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि एक मामले को छोड़कर रिटायर न्यायाधीशों को तदर्थ हाईकोर्ट न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने का कोई पूर्व उदाहरण नहीं है।हाईकोर्ट में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल, 2021 को दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि, बाद में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई (एक अन्य पूर्व प्रधान न्यायाधीश) और सूर्यकांत (वर्तमान प्रधान न्यायाधीश) की विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा।

### एसओपी तत्काल प्रभाव से लागू

एसओपी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई। इस एसओपी के तहत कहा गया है कि नोटिस के बाद और नियमित सुनवाई वाले सभी मामलों में वरिष्ठ वकील, बहस करने वाले वकील या रिकॉर्ड पर वकील को सुनवाई शुरू होने से कम से कम एक दिन पहले मौखिक दलीलों की समय-सीमा जमा करनी होगी। यह जानकारी रिकॉर्ड पर वकील को दिए गए ऑनलाइन पोर्टल के जरिये माननीय न्यायालय को भेजी जाएगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि वरिष्ठ वकीलों समेत जो वकील बहस करने वाले होंगे, उन्हें रिकॉर्ड पर अपने वकील के जरिये अधिकतम पांच पन्नों की लिखित दलील जमा करनी होगी। साथ इसकी एक प्रति सुनवाई की तारीख से कम से कम तीन दिन पहले दूसरे पक्ष को देना अनिवार्य होगा।

# आंख बंद कर भाजपा को वोट देने वाले खुद से करें सवाल : अखिलेश यादव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा शासित राज्यों और केंद्र की 'डबल इंजन' की सरकारों की जमकर आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा को आंख बंद करके समर्थन व वोट देने वाले अगर रत्ती भर चेतना रखते हों तो खुद से सवाल करें। सपा प्रमुख यादव ने नसीहत भरे अंदाज में लोगों से कहा कि भाजपा को आंख बंद करके समर्थन व वोट देने वाले अगर रत्ती भर भी देश प्रेम, संवेदना, शर्म, मानवता, विवेक, ज्ञान और चेतना रखते हों तो उनके पोस्ट को पढ़कर खुद से सवाल करें और अपनी बहन, बेटियों, परिवार की ओर देखने के बाद आइने में अपनी आंखों से आंखें मिलाएं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, भाजपाई 'डबल इंजन' के उत्तराखंड में लोग ‍उत्तराखंड की बेटी' के लिए सड़कों पर न्याय मांग रहे हैं। भाजपाई 'डबल इंजन' के उत्तर प्रदेश में जहरीले सिरप से लोगों की मौत हो रही है‍ यादव ने इसी तरह के अन्य मामलों का सिलसिलेवार उल्लेख करते हुए दावा किया, भाजपाई डबल इंजन के उत्तर प्रदेश में जीएसटी अधिकारी के घर से करोड़ों रुपये नकद निकल रहे हैं और सरकार नोटबंदी से कालेधन के खात्मे और जीएसटी से ईमानदार टैक्स सिस्टम(कर प्रणाली) आने की दुहाई दे रही है। उन्होंने कहा, भाजपाई डबल इंजन के मध्यप्रदेश में जहरीले पानी से लोग मारे जा रहे हैं। भाजपाई डबल इंजन के मध्यप्रदेश में बाबासाहेब की तस्वीरें जलाई जा रही हैं, दलितों पर अत्याचार की हदें पार करी जा रही हैं। यादव ने कहा, भाजपाई डबल इंजन की दिल्ली में लोग एक-एक सांस के लिए तरस रहे हैं।

## भारत ने वेनेजुएला में अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने शनिवार रात अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला की यात्रा करने से बचें। यह एडवाइजरी अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर जारी की गई है।विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से अत्यधिक सतर्कता बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को वेनेजुएला की सभी गैर-आवश्यक यात्रा से बचने की सख्त सलाह दी जाती है। जो सभी भारतीय वेनेजुएला में किसी भी कारण से हैं, उन्हें अत्यधिक सतर्कता बरतने, अपनी गतिविधियों को सीमित करने और काराकास में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने भारतीयों से दूतावास से संपर्क करने का अनुरोध किया है। वेनेजुएला में लगभग 50 गैर-निवासी भारतीय और 30 भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। 23 नवंबर 1962 को जन्मे वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो श्रम संघ के नेता के बेटे हैं और कभी बस ड्राइवर के तौर पर अपना जीवन यापन करते थे। 1992 में तत्कालीन सैन्य अधिकारी ह्यूगो शावेज के नेतृत्व में उन्होंने राजनीति में पदार्पण किया और शावेज के करीबी बन गए। 1998 में शावेज के नेतृत्व में उन्होंने चुनाव भी लड़ा।






# एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में किए श्रीरामलला के दर्शन

- बक्सर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरयू स्नान कर लिया संकल्प, मोदी के नेतृत्व को बताया मंदिर निर्माण का आधार

**केटी न्यूज/बक्सर**

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की पावन यात्रा की। इस दर्शन यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने किया। यात्रा में जिलाधिकारी, विधानसभा संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। अयोध्या पहुंचने के उपरांत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पवित्र सरयू नदी में स्नान किया। इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए तथा भजन-कीर्तन में भाग लिया। रामलला के भव्य दर्शन से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और आस्था का भाव देखने को मिला। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि प्रभु श्रीराम का दर्शन कर सभी कार्यकर्ता धन्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज वह दिन साकार हुआ है, जब वर्षों पहले लगाए गए नारों की याद ताजा हो गई ह्लहम कसम राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे ह्व उस समय विरोधी दल व्यंग्य करते थे, लेकिन आज भव्य राम मंदिर का निर्माण उन सभी संकल्पों की सिद्धि है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण के पीछे जिस महापुरुष का योगदान है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनके नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प के कारण ही आज देशवासियों को रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए कार्यकर्ताओं के मन में प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का भाव है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में संकल्प लिया कि वे बिहार सहित पूरे भारत से असुरी एवं नकारात्मक शक्तियों को समाप्त करने के लिए संगठित होकर कार्य करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे ह्लभारत विकास यज्ञह्व को निरंतर आगे बढ़ाएंगे।

इस दर्शन यात्रा में प्रमुख रूप से बलिराम, नंदजी सिंह, सतीष त्रिपाठी, विनोद राय, लक्ष्मण शर्मा, धनंजय त्रिगुण, राजेश सिन्हा, निर्भय राय, पुनीत सिंह, रमेश गुप्ता, मनोज पांडेय, चुन्नु सिंह, मिठाई सिंह, सुनील सिंह, आशानंद सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में श्रीराम के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



### लंबे समय से चल रहा था फरार, पुलिस ने जिले के टॉप टेन अपराधियों में किया है शामिल, एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

# ब्रह्मपुर से पकड़ा गया 25 हजार का इनामी अपराधी हत्या समेत कुल आठ संगीन मामलों में है नामजद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल की पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने जिले के टॉप टेन में शामिल व 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना पर ब्रह्मपुर चौरस्ता के पास से की गई है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बगेनगोला थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव निवासी विजय पांडेय पिता स्व. शिव परसन पांडेय के रूप में की गई है।

रविवार को डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि उस पर बगेन गोला थाना में सात तथा मुरार थाने में एक समेत कुल आठ मामले दर्ज है। जिनमें हत्या, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास, डकैती आदि की धाराए शामिल है।



उस पर बगेन गोला थाना में कांड संख्या 25/2017, 46/2018, 46/2019, 17/2020, 26/2020, 100/2020, 17/2021 तथा मुरार थाना में कांड संख्या 55/2021 दर्ज है।

एसडीपीओ ने बताया कि सभी मामलों में उसका बेल खारिज हो गया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी शुभम आर्य ने मेरे नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था।

इसके बाद वैज्ञानिक अनुसंधान व मुखबिरो के सहारे पुलिस लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान सूचना मिला कि वह ब्रह्मपुर आया हुआ है। जिसके बाद तत्काल ब्रह्मपुर चौरस्ता के समीप छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी नये साल में पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में एसडीपीओ पोलस्त कुमार के अलावे पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार, बगेन गोला थानाध्यक्ष अभय शंकर सिंह, डीआईयू बक्सर के मंगलेश कुमार, मधुकर, डीआईयू के चंदन कुमार तथा डीआईयू टीम व बगेन गोला थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

-- जमीन विवाद में वर्षों से रक्त रंजित हो रहा है पोखरहा

बता दें कि पोखरहा के दयाशंकर पांडेय व उनके पट्टीदार छोटक पांडेय के परिवारों के बीच वर्षों से जमीन विवाद चल रहा है। इस विवाद में पोखरहा गांव पिछले आठ वर्षों से रक्तरंजित हो रहा है। दयाशंकर पर दर्ज सभी मामले इसी विवाद से जुड़े है, जबकि अबतक कई लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद इस विवाद काक अभी तक पटाक्षेप नहीं हुआ है।

यह विवाद इस किस कदर हिंसक है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा में पुलिस द्वारा बिसैप के जवानों को लगाया गया है। बताया जा राह है कि वर्ष 2021 में पीड़ित पक्ष से सुरक्षा घेरा हटाए जाने के बाद दयाशंकर ने मुरार थाना क्षेत्र के मनपा पुल के पास पीड़ित परिवार के एक लड़के की गोली मार हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही पुलिस को उसकी तलाश सरगर्मी से थी, लेकिन वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने चैन की सांस ली है।

## एक नजर

### नया भोजपुर थाने में एसपी का जनता दरबार आज, तैयारी पूरी

**डुमरांव।** एसपी शुभम आर्य के जनता दरबार का कारवां सोमवार को नया भोजपुर थाने पहुंचेगा, जहां वे जनता दरबार लगा लोगों की फरियाद सुनेंगे तथा उसका निष्पादन करेंगे। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी जानकारी दी है। पूर्व संध्या पर उन्होंने बताया कि जनता दरबार की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी फरियादियों व थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों व वार्ड पार्षदों को भी इस जनता दरबार की जानकारी दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जनता दरबार दोपहर में शुरू होगा तथा तीन बजे तक संचालित होगा। इस दौरान नया भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले वैसे लोग जिन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है या फिर विलंब हो रहा है, वे त्वरित न्याय के लिए आवेदन दे एसपी से गुहार लगा सकते है। वहीं, एसपी शुभम आर्य ने कहा कि आम जनता को त्वरित व पारदर्शी तरीके से न्याय दिलाने के लिए ही सभी थानों में बारी-बारी से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं को सुन उसका त्वरित निष्पादन किया जाता है, जिससे फरियादियों को सुविधा रहती है। इधर नया भोजपुर थाना क्षेत्र से जुड़े गांवों में एसपी के इस जनता दरबार को ले उत्साह कायम है। उम्मीद लगाई जा रही है कि बड़ी संख्या में फरियादी इस जनता दरबार में शामिल होंगे।

### खुले ट्रक में बालू ढुलाई पर सख्ती, खनन विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**कृष्णाब्रह्म।** अवैध खनन और नियमों की अनदेखी पर खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत टुड़ीगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास खनन विभाग की टीम ने खुले में बालू लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक बिना ढके खुले डाले में बालू लेकर जा रहा था, जो खनन एवं परिवहन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। खुले ट्रक से बालू गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसी को गंभीरता से लेते हुए बक्सर के खनन पदाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। जब्त ट्रक को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में कृष्णाब्रह्म के प्रभारी थानाध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि खनन विभाग द्वारा खुले में बालू ले जाने के आरोप में ट्रक पकड़ा गया है। खनन नियमों के उल्लंघन को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि जिले में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खनन विभाग ने अवैध खनन और अनियमित बालू परिवहन के खिलाफ निगरानी बढ़ा दी है। विभागीय अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई को अवैध बालू कारोबार पर लगाम कसने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### वार्ड 18 में नगर परिषद की बड़ी लापरवाही, सालभर से जाम नाली बनी मोहल्लेवासियों की मुसीबत

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल वार्ड 18 स्थित कमल नगर मोहल्ले में खुलकर सामने आ गई है। हर माह सफाई के नाम पर 90 लाख रुपये से अधिक खर्च करने के बावजूद यहां पिछले एक साल से नाली की न तो सफाई हुई और न ही रख-रखाव। परिणामस्वरूप नाली का पानी पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है, जिससे मोहल्ले के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। नाली में पानी का बहाव बंद होने से जमा पानी काला पड़ चुका है और उससे उठने वाली तेज दुर्गंध ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। स्थिति यह है कि मोहल्लेवासी बाहर निकलते समय नाक-मुंह ढकने को मजबूर हैं। साथ ही गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बना हुआ है, जिससे नगर परिषद प्रशासन के प्रति लोगों में भारी आक्रोश है। मोहल्लेवासियों के अनुसार समस्या की जड़ घटिया निर्माण है। पिछले साल महाराजा पेट्रोल पंप के सामने नाली के ऊपर स्लैब का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया सामग्री के कारण स्लैब निर्माण के साथ ही टूट गया। टूटे स्लैब का मलबा नाली में गिरने से जलनिकासी पूरी तरह बाधित हो गई। इसका असर पेट्रोल पंप से लेकर कमल नगर और रेलवे स्टेशन जाने वाली गली तक दिखाई देता है, जहां अक्सर जलजमाव हो जाता है। स्थानीय निवासी धीरज ठाकुर, पिंटू यादव, अनिल सिंह और छोटे सिंह का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर परिषद को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## एसडीपीओ का क्राइम मीटिंग संपन्न : सभी थानाध्यक्षों को गश्त बढ़ाने व ससमय कांडो के निष्पादन का मिला लक्ष्य

- क्राइम मीटिंग में बोले एसडीपीओ, अपराध नियंत्रण व तस्करी रोकने के लिए गश्त जरूरी, सभी थानों में गठित हो चुका है निर्भया ब्रिगेड

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने रविवार को अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग किया। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के फाइलो को खंगाला तथा लंबित कांड मिलने पर संबंधित थानाध्यक्ष को फटकार लगाई। क्राइम मीटिंग के दौरान एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित कांडो के निष्पादन में तेजी लाने, ससमय कांडो का निष्पादन करने, फरार वारंटियों, अपराधियों तथा तस्करों को गिरफ्तार करने। अपराध व तस्करी पर नियंत्रण के लिए दिवा व रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने पुलिस पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी नये साल में अपराध नियंत्रण व तस्करी रोकने के लिए नये तेवर के साथ काम



करे तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि अपराध व तस्करी मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर उतारने के लिए जरूरी है कि आम जनता का सहयोग मिले। उन्होंने पुलिस पब्लिक फ्रेंडली को बढ़ावा देने का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया। वहीं, एसडीपीओ ने बताया कि लड़कियों तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए सभी थानों में निर्भया ब्रिगेड की स्थापना की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्भया ब्रिगेड में शामिल पुलिस पदाधिकारी व जवान इलाके के स्कूल, कोचिंग सेंटर, चर्चित मंदिरों आदि जगहों की निगरानी करेंगे तथा मनचलों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि लड़कियों तथा महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है।

वहीं एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के दो पंचायतों में जनता दरबार लगा लोगों की समस्याओं को सुनने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय से इसका निर्देश जारी हो चुका है। उन्होंने कहा कि जनवरी महीने से ही पंचायतों में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। बैठक में डुमरांव सर्किल इंस्पेक्टर श्रीनाथ कुमार, डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संदीप कुमार राम, बगेन थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह समेत अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## कड़ाके की ठंड के चलते बक्सर में कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल 8 जनवरी तक बंद, प्रशासन ने जारी किया आदेश

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में मौसम के अचानक करवट लेने और ठंड में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एहतियाती कदम उठाया है। लगातार गिरते तापमान और शीतलहर की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी बक्सर श्रीमती साहिला ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध 05 जनवरी से लागू होकर 08 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को भी बंद रखा जाएगा, जिससे छोटे बच्चों को ठंड के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके।

वहीं, कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाओं के संचालन में आंशिक छूट



दी गई है। इन कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक संचालित की जा सकेंगी, ताकि विद्यार्थियों को सुबह की अत्यधिक ठंड से राहत मिल सके। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्री-बोर्ड एवं बोर्ड परीक्षा से संबंधित विशेष कक्षाएं और परीक्षाएं इस आदेश से मुक्त रहेंगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश के अनुरूप अपनी समय-सारिणी में आवश्यक संशोधन करें और विद्यार्थियों को इसकी जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं।

जिला प्रशासन ने शिक्षा विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, नगर निकायों एवं पुलिस प्रशासन को आदेश के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन का मानना है कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक है। ठंड के प्रकोप को देखते हुए आगे भी स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# 12 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद पार्क का स्थापना दिवस, तैयारी को लेकर हुई बैठक

- आठ साल पहले मुख्यमंत्री ने पार्क के साथ शहीदों के मूर्ति का किया था उद्घाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अगस्त क्रांति के दौरान क्षेत्र के 21 नौजवान देश को आजादी दिलाने के दौरान अंग्रेजों के गोली खाकर शहीद हो गए थे। उसमें डुमरांव के चार नौजवान कपिलमुनी कहार, गोपालजी कमकर, रामदास लोहार और रामदास सोनार शामिल हैं। जहां ये चारो शहीद हुए थे, वहीं पर शहीद पार्क बनाया गया है और उसमें उनकी मूर्ति स्थापित की गई है। 12 जनवरी 2018 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया था। हर वर्ष इस शहीद पार्क का



स्थापना दिवस मनाया जाता है, जिसमें किसी मंत्री और विधायक को बुलाया जाता है। उसी को लेकर रविवाकर को पार्क परिसर में शहीद स्मारक समिति और शहीद परिवार के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में इस बात की सहमति बनी की इसके स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। उनको आमंत्रित करने के लिये पांच सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया। फिर पार्क की बदहाल स्थिति पर सभी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डीएम से मिल इसकी शिकायत की जाएगी। सदस्यों का कहना था कि छठिया पोखरा के पास जो पार्क है, वन विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है, वहीं प्रमुख पार्क को नहीं करने पर रोष व्यक्त किया गया। इस पार्क में चारो तरफ जंगली घासों का सम्राज्य कायम है, रात्रि में गुलजार रखने के लिये लाइटिंग की भरपूर व्यवस्था की गई थी, जो बदहाल स्थिति में है। वहीं पार्क में बच्चों के खेलने के लिये सारे सिस्टेम भी लगाए गए हैं, लेकिन बंद रहने के कारण उसका उपयोग बच्चे नहीं कर पाते हैं। इस समय जंगली घास से पूरा पार्क ढका हुआ है, घुमने के लिये जो पथ बने हैं, सभी पर घास जम गया है। इतना ही नहीं मूर्ति की सफाई नहीं होने से धूल की परत जम गई, जिसे लोग शहीदों का अपमान मानते हैं। इस संबंध में जब वन विभाग के अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा की विभाग को किसी ने हैंडओवर की अनुशंसा नहीं किया है और नहीं मिला है। इसको हैंडओवर कर दिया जाता है तो कर्मी को जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। मौके पर शहीद स्मारक समिति के संयोजक संजय चंद्रवंशी, प्रभूनाथ ओझा, ललन सिंह, दीनानाथ कुशवाहा, विशोका चंद्र, मनोज चंद्रवंशी, हीरालाल, अनिल कुमार साह, मो. कमरूदीन, संतोष राजभर, बिजली राम, मिंटू हाशमी सहित अन्य मौजूद रहे।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरुण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

# गौ तस्करी का भंडाफोड़: ग्रामीणों ने पकड़ा मवेशी लदी पिकअप, एक घंटे बाद पहुंची पुलिस



■ तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव की है घटना, पुलिस पर ग्रामीणों ने लगाए आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम ग्रामीणों की सतर्कता से जहां एक पिकअप वाहन गौवंश के साथ पकड़ा गया, वहीं पुलिस की देरी और आरोपों ने पूरे मामले को बेहद संवेदनशील बना दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 6.15 बजे तीन पिकअप वाहनों पर गौवंश लादकर तस्कर बूचड़खाने की ओर जा रहे थे। तिलक राय के हाता इलाके में ग्रामीणों को संदिग्ध गतिविधि दिखी, जिसके बाद उन्होंने एक पिकअप वाहन को रोक लिया। पूछताछ में गौ तस्करी की पुष्टि होते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। दो पिकअप वाहन अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि एक वाहन ग्रामीणों के कब्जे में आ गया।

## एक किलोमीटर दूर थाना, पहुंचने में लगा एक घंटा

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस स्थान पर पिकअप पकड़ा गया, वहां से थाना महज एक किलोमीटर की दूरी पर है, इसके बावजूद पुलिस को मौके पर पहुंचने में लगभग एक घंटा लग गया। इस दौरान तस्करों द्वारा ग्रामीणों को जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी गई। पुलिस की इस देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया और देर रात तक थाना क्षेत्र में भीड़ लगी रही।

## चार गौवंश बरामद, चालक गिरफ्तार

पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद पिकअप वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें चार गौवंश बरामद किए गए। सभी पशुओं को जिला मुख्यालय स्थित गौशाला भेज दिया गया। इस मामले में पिकअप चालक ब्रह्मानंद पासवान, निवासी आदर्श नगर गांव, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार दो अन्य तस्कर फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## ग्रामीणों के गंभीर आरोप, महीनों से चल रहा खेल

घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीण चंदन मिश्रा का कहना है कि उत्तर प्रदेश से गोवंश को नाव के सहारे गंगा नदी पार कराकर तिलक राय के हाता, भिक्षु के डेरा और केशोपुर गंगा घाट पर उतारा जाता है। इसके बाद पिकअप वाहनों से उन्हें बूचड़खाने भेजा जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस केवल औपचारिक कार्रवाई कर तस्करों को जमानत दे देती है।

## एसपी से कॉल डिटेल जांच की मांग

गांव निवासी पप्पू मिश्रा और गुंजन मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच कराई जाए, ताकि तस्करों से कथित मिलीभगत का खुलासा हो सके। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पकड़े गए चालक के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की गई है और अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। अब बड़ा सवाल यह है कि यह कार्रवाई वास्तव में गौ तस्करी पर लगाम लगाएगी या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। ग्रामीणों की नजरें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# सरकारी संपत्ति की बदसूरती पर जिला प्रशासन सख्त
# अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

■ बिना अनुमति होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर अथवा किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित





**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकारी और सार्वजनिक स्थलों की गरिमा व सौंदर्य बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी साहिला ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सरकारी भवनों, कार्यालय परिसरों, सड़क किनारे, बिजली के खंभों, पुल-पुलियों, सरकारी दीवारों, चौक-चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर अथवा किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसा करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी अथवा सार्वजनिक संपत्ति को बिना अनुमति खराब या बदरंग करने से रोकने के लिए बने ह्वबिहार संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1987ह्व के अंतर्गत यह स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी प्रकार की अनधिकृत लिखावट, चिपकाने, टांगने या प्रचार सामग्री लगाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर जुमार्ना, वसूली और प्राथमिकी दर्ज करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में यह देखने में आया है कि कई निजी संस्थान, व्यक्ति, फर्म, कंपनियां, कोचिंग संस्थान, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन बिना किसी पूर्व अनुमति के सरकारी और सार्वजनिक स्थानों पर अपने प्रचार के लिए बड़े-बड़े बैनर, फ्लेक्स और पोस्टर लगा रहे हैं। इससे शहर का सौंदर्य तो प्रभावित हो ही रहा है, साथ ही यातायात व्यवस्था में बाधा, पैदल चलने वालों को परेशानी और आम जनसुविधाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

जिलाधिकारी ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए नगर परिषद, नगर पंचायत और सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाएं। इस अभियान के तहत सभी अवैध होर्डिंग, बैनर और फ्लेक्स को तत्काल हटवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित प्रचार सामग्री लगाने वाले व्यक्ति या संस्था की पहचान की जाए और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि सिर्फ प्रचार सामग्री हटाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि दोषियों के खिलाफ बिहार संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1987 एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही जुमार्ना लगाकर सरकारी खर्च की वसूली भी की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी नियम तोड़ने का साहस न कर सके।

जिलाधिकारी ने निजी संस्थानों, फर्मों, कंपनियों, कोचिंग संस्थानों, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रचार-प्रसार के लिए केवल उन्हीं स्थानों का उपयोग करें, जिनके लिए विधिवत अनुमति प्राप्त हो। उन्होंने साफ कहा कि ह्वअनुमति के बिना लगाया गया कोई भी बैनर या फ्लेक्स अवैध माना जाएगा और उस पर सख्त कार्रवाई तय है ह्व

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन की स्थिति में प्रशासन द्वारा शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जाएगी। यानी छोटे या बड़े किसी भी स्तर पर नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति या संस्था की होगी।

जिला प्रशासन का मानना है कि सार्वजनिक संपत्तियां सभी नागरिकों की होती हैं और उनकी स्वच्छता, सुंदरता व सुरक्षा बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। इस सख्त कदम का उद्देश्य शहर को अव्यवस्था और बदसूरती से मुक्त कर एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने साफ संकेत दे दिया है कि अब नियमों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्रवाई निश्चित है।

# धान से लदा ट्रैक्टर पलटा, सिस्टम के दलदल में फंसी सड़क

**10 घंटे जाम ने खोली प्रशासनिक लापरवाही की पोल**

**केटी न्यूज/राजपुर**

हेठुआ, भलुहा मुख्य पथ पर नोनौरा गांव के पास धान लदे ट्रैक्टर के पलटने की घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को उजागर कर दिया। यह सिर्फ एक सड़क हादसा नहीं था, बल्कि वर्षों से अनदेखी झेल रही समस्या का विस्फोट था, जिसने प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया। हेठुआ गांव निवासी जयप्रकाश सिंह उर्फ भिखारी सिंह धान की फसल ट्रैक्टर पर लादकर जा रहे थे। नोनौरा गांव के समीप पहुंचते ही पीसीसी सड़क पर जमा गंदे पानी और दलदली हालत के कारण ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि उस समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था। चालक की सूझबूझ से जान बची, लेकिन किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का सब्र टूट गया। सड़क पर उतरकर ग्रामीणों ने करीब 10 घंटे तक मुख्य पथ को जाम कर दिया। चंदन सिंह, जितेंद्र सिंह, मंटू शुक्ला, वार्ड सदस्य प्रकाश तिवारी, सरपंच उपेंद्र पासवान समेत ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से गांव के पास लगभग 500 मीटर तक सड़क पर जलजमाव बना हुआ है। घरों का पानी सड़क पर गिरने से पीसीसी पथ पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल होते हैं, स्कूली बच्चे रोज इस गंदे पानी में फिसलते हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के जरिए कई बार शिकायत की गई, पर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। सूचना मिलने पर मुखिया ललन रजक, राजस्व कर्मचारी और राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लंबी मशक्कत के बाद शाम पांच बजे प्रशासन की पहल पर जाम हटाया गया। तत्काल जेसीबी मंगाकर सड़क किनारे गड्ढा खोदा गया और नाली निर्माण का भरोसा दिया गया।

# पर्यावरणीय वादों पर उठे सवाल, रोजगार पर भी टकराव

■ थर्मल पावर प्लांट प्रबंधन, किसान वार्ता विफल, 10 जनवरी को सांकेतिक महाधरना का एलान



**केटी न्यूज/चौसा**

प्रधानमंत्री कार्यालय स्तर पर संज्ञान लिए जाने के बावजूद थर्मल पावर प्लांट से जुड़े पर्यावरण और रोजगार के मसलों पर शनिवार को हुई किसान प्रबंधन वार्ता किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। प्लांट के सभागार में आयोजित बैठक में किसानों और सामाजिक संगठनों ने वर्षों से लंबित पर्यावरणीय दायित्वों और स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया, लेकिन कंपनी प्रबंधन की ओर से स्पष्ट आश्वासन नहीं मिलने पर बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई।

बैठक की अध्यक्षता कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने की। इसमें भारतीय किसान यूनियन (बिहार-झारखंड) के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के मुख्य संयोजक अश्विनी कुमार चौबे सहित कई किसान नेता और प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसानों का कहना था कि वर्ष 2016 में पूरे किए जाने वाले पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई कार्य आज तक अधूरे हैं, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

दिनेश कुमार सिंह ने डंपिंग कोल यार्ड से फैल रहे प्रदूषण को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि इसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद कंपनी ने न तो प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए और न ही स्थानीय समुदाय को राहत देने की दिशा में ठोस पहल की। साथ ही, उन्होंने योग्य होने के बावजूद प्रभावित किसानों और क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को नौकरी न दिए जाने का मुद्दा भी उठाया।

बैठक में मोर्चा के सचिव बृजेश राय, उपाध्यक्ष नन्दलाल सिंह, उप सचिव सह मीडिया प्रभारी मुन्ना तिवारी, डॉ. विजय नारायण राय, शिवदयाल सिंह, ललितेश्वर राय, मेराज खान सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भी पर्यावरणीय नुकसान और रोजगार में कथित भेदभाव पर अपनी-अपनी बातें रखीं। किसान नेताओं का कहना था कि विस्तृत चर्चा के बाद भी कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई समयबद्ध या लिखित आश्वासन नहीं दिया गया।

वार्ता विफल रहने के बाद किसानों ने आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कि 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक थर्मल पावर प्लांट के समीप पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय लोगों को नौकरी/रोजगार देने की मांग को लेकर सांकेतिक एक दिवसीय महाधरना दिया जाएगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर उनकी विधिसम्मत मांगें पूरी नहीं हुईं, तो अगले चरण में शांतिपूर्ण लेकिन अनिश्चितकालीन आंदोलन के तहत कंपनी का समस्त कार्य बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जीरो टिलेज गेहूं विषय पर किसान पाठशाला का हुआ आयोजन



**केसठ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा बक्सर के तत्वाधान में शनिवार को केसठ प्रखंड अंतर्गत रामपुर गांव में जीरो टिलेज गेहूं विषय पर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहायक तकनीकी प्रबंधक नवानगर अंकुर राज एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक केसठ डॉ प्रफुल्ल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। पाठशाला में किसानो ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से किसानों को बताया गया कि जीरो टिलेज गेहूं की खेती एक आधुनिक और फायदेमंद विधि है। जिसमें पिछली फसल के अवशेष खेत में छोड़कर बिना जुताई के सीधे बीज बोए जाते हैं। इससे समय तथा पैसा की बचत होती है। साथ ही नमी बनी रहती है। मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, और उत्पादन में वृद्धि होती है। जो किसानों के लिए बेहद फायदेमंद और लाभकारी है। तथा पर्यावरण को भी फायदा पहुंचती है। यह विधि जीरो टिलेज नामक मशीन से की जाती है। जो बुवाई और खाद डालने का काम एक साथ करती है। जिससे मजदूरों की बचत होती है। इस क्रम में किसानों के बीच जीरो टिलेज विधि क्या है जिस पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इस तकनीक में खेत की जुताई नहीं की जाती है, धान कटाई के बाद बचे ठूंठो को खेत में ही रहने दिया जाता है। एक विशेष मशीन जीरो टिलेज का उपयोग करके सीधे मिट्टी में गेहूं के बीज और खाद बोए जाते हैं। जीरो टिलेज गेहूं की खेती के फायदे व लागत में कमी जैसे जुताई और निराई - गुड़ाई का खर्च बचता है, जिससे किसानों की आय बढ़ती है। वहीं बुवाई की प्रक्रिया पारंपरिक तरीकों से 10 से 20 दिन जल्दी पूरी हो जाती है। इस तरह से किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण, परिभ्रमण, फार्मर रजिस्ट्री तथा बिहार कृषि एप्लीकेशन के बारे में बताया गया। इस मौके पर किसान अमित पांडे, अत्रि मुनि पांडे, जग्गू पांडे, मनोज प्रसाद, देव मुनि यादव, धनिक लाल पासवान सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज ऋषि राय का निधन, जिले में शोक की लहर

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, राज ऋषि राय का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनके देहावसान की खबर मिलते ही कांग्रेस परिवार सहित पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेसजनों ने उन्हें एक समर्पित, अनुभवी और मार्गदर्शक नेता के रूप में याद किया। निधन की सूचना के बाद बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ दिवंगत नेता के आवास पहुंचे और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात सभी नेताओं ने बक्सर मुक्तिधाम पहुंचकर स्व. राज ऋषि राय को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि राज ऋषि राय के निधन से न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से, बल्कि कांग्रेस पार्टी को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि स्व. राय अत्यंत व्यावहारिक, स्नेही और अनुभवी व्यक्तित्व के धनी थे, जो समय-समय पर संगठन को उचित मार्गदर्शन देते रहते थे। उनके आशीर्वचनों से कांग्रेस कार्यकताओं को सदैव ऊर्जा और उत्साह मिलता रहा। डॉ. पांडे ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए राज ऋषि ने जीवनपर्यंत तन-मन-धन से समर्पित होकर कार्य किया। पार्टी और समाज के प्रति उनकी निष्ठा एवं सेवा भावना सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस दुःख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से उनके शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डॉ. प्रमोद ओझा, कामेश्वर पांडेय, शिवाकांत मिश्रा, संजय कुमार दुबे, पप्पू दुबे, रोहित उपाध्याय, भोला ओझा, विनय कुमार सिंह, त्रियोगी नारायण मिश्रा, रिंकू यादव, दिवाकर सेठ, राजा रमन पांडेय, गुप्तेश्वर चौबे, धनजी पांडे सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

### पर्यटन मंत्री ने बक्सर में निमार्णाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य के दिए निर्देश

**बक्सर।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के मंत्री ने रविवार को बक्सर जिला में पर्यटन विभाग द्वारा कार्यान्वित महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बक्सर गोलंबर स्थित विश्वामित्र बिहार बजट होटल के निर्माण कार्य एवं ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर के फेज-2 विकास कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की। मंत्री ने कार्यपालक अभियंता, पर्यटन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हों तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटन से जुड़े प्रोजेक्ट न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ाते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बक्सर गोलंबर स्थित विश्वामित्र बिहार बजट होटल को लेकर मंत्री ने कहा कि यह होटल श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सुविधाजनक ठहराव स्थल साबित होगा, जिससे जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर के फेज-2 विकास कार्य को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने इसके शीघ्र पूर्ण होने पर जोर दिया।

# बक्सर शहीद स्मारक में शिलापट् पर अंकित हुए वीर शहीदों के नाम, सैनिक परिवारों में खुशी

■ आईईएसएम की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी, प्रशासनिक पहल से स्मारक को मिला नया गौरव




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिला के लिए यह क्षण गर्व और सम्मान से भरा रहा, जब बक्सर शहीद स्मारक में युद्ध में शहीद हुए वीर योद्धाओं के नाम शिलापट पर अंकित किए गए। यह कार्य बिहार राज्य इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट (आईईएसएम) की वर्षों पुरानी मांग का परिणाम है, जिसे प्रशासनिक तत्परता से धरातल पर उतारा गया। शिलापट के अनावरण के बाद न केवल शहीद स्मारक की शोभा बढ़ी है, बल्कि शहीदों के परिजनों और सैनिक समाज में भी गहरा संतोष देखने को मिला। आईईएसएम बक्सर की ओर से लंबे समय से यह मांग की जा रही थी कि बक्सर शहीद स्मारक में जिले के शहीद सैनिकों के नाम स्थायी रूप से अंकित किए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान को याद रख सकें। इस दिशा में अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने युद्धस्तर पर पहल करते हुए पत्राचार के माध्यम से वन प्रमंडल पदाधिकारी भोजपुर, आरा प्रद्युम्न गौरव से संपर्क किया, जिसके बाद इस कार्य को मंजूरी मिली।

इस महत्त्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में वन क्षेत्र पदाधिकारी बक्सर सुरेश कुमार, कमलदह पोखर पार्क प्रभारी अनु कुमारी सहित कई अधिकारियों और सामाजिक संगठनों का योगदान रहा। आईईएसएम बक्सर के चेयरमैन, शह मां मुंडेश्वरी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मेजर पी. के. पांडेय, जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे, पेटी ऑफिसर सुरेंद्र सिंह समेत पूरी टीम ने इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

शिलापट् लगने के बाद शहीद स्मारक की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। यह स्थान अब न केवल श्रद्धा और स्मरण का केंद्र है, बल्कि एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में भी पहचान बना रहा है। यहां प्रतिदिन लोग भ्रमण और नौकायन के लिए पहुंचते हैं। विशेष बात यह है कि हर सुबह बक्सरवासियों द्वारा यहां राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाता है, जिससे देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है।

आईईएसएम बक्सर के जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने बताया कि शहीदों के नाम शिलापट पर अंकित होने से उनके परिवारों को मानसिक सुकून मिलेगा और उन्हें यह अहसास होगा कि समाज उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहीद परिवारों की हर संभव सहायता के लिए आईईएसएम बक्सर सदैव तत्पर खड़ा रहेगा। इस अवसर पर आईईएसएम बक्सर के जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे, उप कोषाध्यक्ष पेटी ऑफिसर सुरेंद्र सिंह, संयोजक सूबेदार रामनाथ सिंह, कमलदह पोखर पार्क प्रभारी अनु कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बक्सरवासियों ने इस पहल की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए इसे शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

# निरंजपुर में महिला को गोली मारने के आरोपित के घर से देशी कट्टा बरामद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक जनवरी की शाम कोरानसराय थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव में मामूली विवाद में अपनी चचेरी भवह को गोली मार जख्मी करने के आरोपित अरूण पासवान पिता चंद्रदीप पासवान के घर से पुलिस एक देशी कट्टा बरामद किया है।

कोरानसराय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित अपने घर में अवैध हथियार छिपाया है। इस सूचना पर वरीय अधिकारियों को जानकारी दी गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। हालांकि, अभी इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि बरामद कट्टे से ही उसने एक जनवरी की शाम अपने चचेरी भवह पर फायरिंग किया था कि उस घटना में किसी दूसरे असलहे का प्रयोग किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह जांच में पता चल सकेगा कि उक्त आर्म्स का प्रयोग घटना के दिन किया गया था कि नहीं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आर्म्स बरामद होने के बाद पुलिस द्वारा अरूण पासवान पर आर्म्स ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया जा रहा है।

दूसरी तरफ गोलीबारी में जख्मी महिला पुष्पा देवी पति सुनील पासवान की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। फिलहाल पटना में उसका इलाज जारी है।

गौरतलब हो कि एक जनवरी की शाम टोटी के विवाद में अरूण पासवान ने पुष्पा को गोली मार जख्मी कर दिया था। गोली उसके बांह में लगी थी, जिसे पटना में आपरेशन कर निकाल दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए हर संभव ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंन बताया कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुशील कुमार मोदी की जयंती पर पटना में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 65 जरूरतमंदों को मिले चश्मे



**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की जयंती के अवसर पर पटना में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. जस्सी सुशील मोदी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, कुम्हरार के विधायक संजय गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी को प्रेरणास्रोत मानते हुए आयोजित इस शिविर में ह्लचश्मा बैंकह्व की अनोखी पहल का दूसरा संस्करण प्रस्तुत किया गया। युवा नेत्र विशेषज्ञ मनीष कुमार गुप्ता (ऑप्टोमेट्रिस्ट झ्र नयन ज्योति आई क्लीनिक एवं अजय ऑप्टिकल) की देखरेख में निःशुल्क नेत्र जांच की गई और जरूरतमंदों को पावर सहित निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि उन्होंने अब तक कई कार्यक्रमों में भाग लिया है, लेकिन मां ब्लड सेंटर में चश्मा बैंक के रूप में यह सेवा कार्यक्रम सबसे अद्भुत है। उन्होंने मां वैष्णो देवी सेवा समिति के निस्वार्थ सेवा भाव और टीमवर्क की सराहना की। डॉ. जस्सी सुशील मोदी ने कहा कि उन्होंने सेवा की ऐसी मिसाल पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर कदम पर साथ देने का आश्वासन दिया। वहीं विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि वह स्वयं को यहां का सेवक मानते हैं और स्वर्गीय सुशील मोदी से मिली सीख का कुछ अंश समाज के लिए करने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2009 से पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा में जुटी मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर द्वारा संचालित चश्मा बैंक के माध्यम से इस शिविर में 65 जरूरतमंद लोगों की स्क्रीनिंग पूरी की गई और समिति के खर्च पर उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। शिविर को सफल बनाने में संस्था के प्रेरणाश्रोत मुकेश हिंसारिया, कार्यक्रम संयोजक नरेश अग्रवाल, सह संयोजक आलोक अग्रवाल, मनीष बनेटिया, शंभु केशरी, बबलू कुमार, किशन बंका, मोनू खत्री, मुकेश कांत, अध्यक्ष जयप्रकाश अमिताभ, सचिव संजय तोतला, जगजीवन सिंह सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मैं आज तक जितने भी कार्यक्रम में शरीक हुआ उसमें सबसे अद्भुत सेवा का कार्यक्रम आज मां बल्ड सेंटर में चश्मा बैंक के तौर पर देखा! दिल से निस्वार्थ सेवा का टीम वर्क देखना है और सीखना है तो मां वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार से सीखना चाहिए। डॉ. जस्सी सुशील मोदी ने कहा कि मैने सेवा की ऐसी मिसाल नहीं देखी है आपलोग अदभुत है आपलोग आगे बढ़ें मैं हर कदम आपके समिति परिवार के सेवा कार्य में जुड़ी रहूंगी।

# विजय सिन्हा ने फिर जारी किया नया फरमान : जमीन के मामलों में फर्जी या गलत दस्तावेज दिया तो सीधे जायेंगे जेल



**एजेंसी। पटना**

बिहार में भूमि से संबंधित मामलों में हो रहे खेल को रोकने में लगे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने फिर से बड़ा आदेश जारी किया है. विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जमीन से संबंधित मामलों में अगर किसी ने गलत या फर्जी दस्तावेज दिया तो उसे जेल भेजने का बंदोबस्त कर दिया जाये. डिप्टी सीएम ने कहा है कि भूमि से संबंधित मामलों में जाली और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खेल अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. डिप्टी सीएम ने निर्देश जारी किया है कि जमीन के नामांतरण, दाखिलझ्र खारिज या सरकारी जमीन के मामलों में अगर कहीं फर्जी कागजात सामने आता हो वैसे कागजात को जमा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई अनिवार्य रूप से करनी होगी. अब तक प्रावधान था कि फर्जी या गलत कागज पाये जाने पर आवेदन या दावा को खारिज कर दिया जाता था. विजय सिन्हा ने अपने आदेश में कहा है कि ऐसे मामलों में अंचलाधिकारी स्वयं प्राथमिकी दर्ज कराएंगे, अगर उन्होंने फर्जी कागजात के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरता या वैसे व्यक्ति को संरक्षण दिया तो ये गंभीर गड़बड़ी मानी जायेगी. डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के आदेश के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव गोपाल मीणा ने सभी अंचलाधिकारियों को पत्र लिखा है. इसमें कहा गया है कि भू-राजस्व के किसी मामले में जाली, फर्जी या गलत दस्तावेज पेश किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत स्थानीय थाना में अनिवार्य रूप से प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जाए.

## जन कल्याण संवाद से मिले फीडबैक पर कार्रवाई

यह निर्देश उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की पहल पर चल रहे भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान प्रमंडलीय मुख्यालयों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में सामने आए तथ्यों के बाद जारी किया गया है। विभाग के अनुसार जमीन के मालिकाना हक में नामांतरण, दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, बंदोबस्ती, सीमांकन, भू-अर्जन तथा सार्वजनिक भूमि से जुड़े मामलों में कई बार फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जो गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है.सचिव ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व की समीक्षात्मक बैठकों में ऐसे मामले सामने आने के बावजूद कई स्थानों पर अंचल स्तर से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया है. विभाग के आदेश में कहा गया है कि सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में संबंधित अंचलाधिकारी स्वयं स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे. निजी या रैयती भूमि के विवाद में जांचोपरांत अंचलाधिकारी या राजस्व पदाधिकारी की अनुशंसा पर परिवादी के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि जाली दस्तावेज के आधार पर कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। यदि पूर्व में ऐसा कोई आदेश पारित हो चुका है, तो उसकी विधि-सम्मत समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराना या मामले को दबाने का प्रयास कर्तव्य में घोर लापरवाही और कदाचार माना जाएगा। इसके लिए संबंधित अंचलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होंगे. विभाग ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, समाहत्ताओं, वरीय पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों और भूमि सुधार उप समाहत्ताओं को भी इस आदेश की प्रतिलिपि भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# जनता दरबार में सीओ ने भूमि विवाद मामलों का किया निष्पादन



**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के रैयतों के भूमि विवाद मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार के दौरान शनिवार को अंचलाधिकारी पिंटू कुमार ने अंचल कार्यालय में रैयतों के साथ बैठक की। जिस दौरान आपसी जमीनी विवाद एवं दुसरे अन्य रैयतों के साथ विवाद का समाधान निकालने का प्रयास किया गया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी ने बताया कि रोतवां गांव निवासी नरेंद्र कुमार बनाम राजकुमार सिंह, सियांवक गांव निवासी संता देवी बनाम अनिल पासवान, कुझी गांव निवासी ब्रजकिशोर दुबे बनाम राजन बारी के जमीनी विवाद की सुनवाई हुई।

इन सभी लोगों को पूर्व के आवेदन के आलोक में शनिवारीय बैठक के दौरान उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया गया था। इनकेके बीच भूमि विवाद मामले का आपसी समझौता से निपटारा का प्रयास किया गया.बैठक के दौरान कोई नाया मामला नहीं दर्ज हुआ.प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों के सुनवाई हेतु कई अन्य पुराने मामलों से सम्बंधित रैयतों को अगले बैठक के दौरान उपस्थित होने के लिए नोटिस निर्गत किया गया है। वहीं गत बैठक में प्राप्त आवेदनों के आलोक में नोटिस पर बुलाये गये रैयतों के कागजात की जांच की गई.रैयतों का बयान दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए सम्बंधित कर्मी को अंचलाधिकारी ने निर्देशित किया.मौके पर राजपुर थाना पुलिस पदाधिकारी आशा कुमारी, बघैला पुलिस पदाधिकारी,अंचल कर्मी अमीत कुमार,संदीप कुमार समेत कई अन्य रैयत मौजूद रहे।

# सरकारी योजना विफल होने से नाराज ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया सड़क



**केटी न्यूज/रोहतास**

जनप्रतिनिधियो नेताओं और सरकार के उदासीनता से त्रस्त होकर बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोन्ही पंचायत के गोटपा गांव के ग्रामीणों ने गांव से मुख्य सड़क तक खुद श्रमदान कर कच्ची सड़क बना दी। ग्रामीण युवक गुड्डू कुमार सिंह, टुकटुक सिंह मनोज कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कई सालों से गांव से बाहर जाने का रास्ता खराब है छात्र नौजवान बच्चे बूढ़े गांव से बाहर के सड़कों के सहारे लगभग 7 किलोमीटर घूम कर गांव के बाहर से रास्ता तय कर अपना जीवन यापन कर रहे है इसी रास्ते से होकर छात्रों को विद्यालय जाना तथा अपनी जरूरत को पूरा करना होता है। पंचायत के मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियो तथा नेताओं से कई बार गुहार लगाने, समस्या को बताने के बाद भी समस्या का हल नहीं हुआ। अंत में गांव के सैकड़ो लोगों ने चंदा इकट्ठा कर और श्रमदान देकर गांव से मुख्य सड़क तक लगभग 1 किलोमीटर का कच्ची सड़के बनाई। उन्होंने बताया कि कच्ची सड़क बनाने से सैकड़ो लोगों को फायदा मिलेगा बच्चे नौजवान सभी इस सड़क से लाभ उठाएंगे। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया,विधायक, सांसद पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पंचायत के इस गांव में कोई भी कार्य नहीं हुआ है और ना ही कभी घूमने आते हैं। इस कच्ची सड़क को बन जाने से काराकाट, बिक्रमगंज, आदि गांव में जाने का रास्ता आसान हो गया। सड़क बनने से पहले जहां सात किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था अब वह दूरी महज एक किलोमीटर का हो गया है। कच्ची सड़क बन जाने से गांव के बच्चे बूढ़े महिलाएं काफी खुश नजर आए। बताते चले की मिट्टी भरने का लगभग एक लाख रुपए का खर्चा गांव वालों ने खुद चंदा इकट्ठा करके लगाया है। मौके पर अनिल कुमार संतोष कुमार अशोक कुमार नितेश कुमार चंदन कुमार मन्नू यादवआदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### टायर चोरी में दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**काराकाट ।** रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस के छापामारी अभियान के तहत की गई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पहला मामला ट्रैक्टर टायर चोरी से संबंधित है। काराकाट थाने में दर्ज कांड संख्या 272/25 के आरोपी ओम प्रकाश सिंह उर्फ नन्हक सिंह को पुलिस ने मझरियां गांव से गिरफ्तार किया। ओम प्रकाश सिंह जंगी सिंह के पुत्र हैं। आरोपी ओम प्रकाश सिंह पर दुकान पर लगे ट्रैक्टर के टायर चुराने का आरोप था। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। जबकि दूसरा मामला वर्ष 2024 के पुराने कांड संख्या 276/24 से जुड़ा है। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी अनिल कुमार सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। अनिल कुमार सिंह कुरुर गांव निवासी जमुना यादव के पुत्र हैं। न्यायालय के निर्देश पर उन्हें भी जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस टीम लगातार सक्रिय है और शेष फरार अपराधियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गश्ती को और तेज कर दिया गया है ताकि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने ने आमजन से अपील की कि वह किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। रोहतास पुलिस जिले को अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय लोगों ने इन पुलिस कार्रवाइयों की सराहना की है।

### सरकार से मांग को लेकर पदोन्नति के लिए नियोजित शिक्षक संघ ने की बैठक



**काराकाट।** नियोजित शिक्षक संघ काराकाट ने रविवार को रामरूप स्टेडियम गोडारी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। रविवार को दोपहर 11 बजे हुई इस बैठक में सैकड़ों शिक्षक व शिक्षिकाओं ने 22 वर्षों की शैक्षणिक सेवा के बावजूद प्रमोशन न मिलने पर रोष जताया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ ने कविता के माध्यम से संकल्प जताते हुए कहा कि बिन लड़े मिलता नहीं, कुछ भी, यहां ये जानकर ! अब लड़ाई लड़ रहे हैं, नियोजित अपने दम पर ! अधिकार अपना लेके रहेंगे, अब अपने बल पर ! वक्ताओं ने बताया कि शिक्षकों ने कर्तव्यनिष्ठा से शिक्षा का दीप प्रज्वलित रखा,जिससे गुणात्मक विकास हुआ,लेकिन उन्हें न 8 वर्ष का प्रमोशन मिला, न 12 वर्ष का, न स्नातक ग्रेड और न कालबद्ध प्रोन्नति। साथ ही सभी अब भी बेसिक ग्रेड पर ही अटके हैं। शिक्षक संघ अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, सचिव नौशाद नवीन,नवल किशोर, अनिल कुमार पासवान, ब्रिजेन्द्र प्रताप, श्रीभगवान चौधरी, मंजू कुमारी, किरण देवी, मीरा कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस मांग को लेकर समस्त शिक्षक एकजुट होकर हक की लड़ाई लड़ने का भी आह्वान किया और कहा कि एक जगह बैठकर संगठित प्रयास से ही वाजिब हक हासिल होगा।

### मारपीट मामलें में चार लोग एसडीएम कोर्ट में हुए प्रस्तुत

**राजपुर ।** आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की प्रबल संभावना एवं विधि व्यवस्था भंग होने की स्थिति में शनिवार को स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के सखरा टोला निवासी चार लोगों को हिरासत में ले एसडीओ कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उलुम सलमा ने बताया कि शिवशंकर सिंह,रमेश सिंह,मुन्ना सिंह एवं ललन सिंह को विधि व्यवस्था भंग किये जाने एवं मारपीट किए जाने की प्रबल संभावना को देखते हुए बॉड हेतु एसडीओ कोर्ट भेजा गया।

### अवैध हथियार के साथ दो लडको का तस्वीर वायरल

**आरा ।** भोजपुर में हथियार के साथ दो लड़कों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वायरल तस्वीर के माध्यम से पुलिस दोनों लडको को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वायरल तस्वीर में जिस लड़के के हाथ में पिस्टल है। वह अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बन टोला गांव निवासी है। जबकि उसके साथ रहा दूसरा युवक शहर थाना क्षेत्र के गोडीहां गांव का रहने वाला है। इधर, अजीमाबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल फोटो प्राप्त होने के बाद दोनों लडको को चिन्हित कर लिया गया है। दोनों खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज उपरांत होने के उपरांत पुलिस दोनों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

### शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष की निधन से शिक्षकों में शोक की लहर

**चरपोखरी।** प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक नेताओं ने बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा की निधन होने की खबर सुन काफी मर्माहत हुए हैं । इस दौरान शिक्षकों ने उनके निधन को शिक्षक संगठन के साथ साथ शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया और मृतात्मा की शान्ति के लिए कामना किया । इस दौरान उनके अंतिम दर्शन एवं शव यात्रा में शामिल होने के लिए शिक्षकों की एक टोली पटना के लिए प्रस्थान किया । मौके पर सम्पत कुमार राय, वेंकटेश चौधरी, जितेन्द्र राय, कमलेश शाह, उमाशंकर चौधरी, शंकर पंडित, सुधीर कुमार सिंह, राधेश्याम मिश्र, आशीष मिश्र, कृष्ण कान्त पाण्डेय, मो मुस्ताक कमाल, विमल चौधरी, कुश साह, लालजी प्रसाद एवं राजेश कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल रहे ।

# खुशखबरी! बिहार में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयुष्मान कार्ड

## 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के दायरे को बढ़ाकर राज्य के लाखों कामगार परिवारों को बड़ी राहत दी है। अब आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, एसएपीएफ के जवान और भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक भी इस योजना के तहत सालाना पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस फैसले से राज्य के लगभग 17 लाख कामगार परिवार सीधे तौर पर योजना के लाभ में शामिल होंगे। आयुष्मान भारत योजना का अब तक मुख्य फोकस गरीब और वंचित वर्ग पर रहा है, लेकिन इस विस्तार के साथ इसके लाभार्थियों की संख्या और वर्ग व्यापक हो गया है। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के सीईओ शशांक शेखर के अनुसार, राज्य में आशा, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के कुल 2 लाख 68 हजार 492 परिवार अब इस योजना में शामिल हैं। ये महिला कार्यकर्ता गांवों और कस्बों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाती हैं। भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को भी अब आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। ऐसे परिवारों की संख्या 14 लाख 26 हजार 14 है। इनके बीमा का प्रबंध श्रम संसाधन विभाग करेगा और बीमारी की स्थिति में बीमा राशि का भुगतान भी विभाग की ओर से किया जाएगा। यह व्यवस्था असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में देखी जा रही है। आशा और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका मिलाकर कुल लाभार्थियों की संख्या 11 लाख तीन हजार से अधिक है। लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि कम मानदेय पर काम करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिले। आयुष्मान योजना का यह विस्तार इस दिशा में ठोस कदम है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कामगारों और महिला स्वास्थ्य कर्मियों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता भी कम होगी। यह कदम सामाजिक सुरक्षा के दायरे को मजबूत करता है और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक अहम राहत साबित होगा। इसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और वित्तीय सुरक्षा में सुधार होगा, जिससे राज्य के लाखों परिवारों को बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस पहल से बिहार में स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक नया अध्याय खुलने की संभावना है। फ्रंटलाइन वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अब बीमारी की स्थिति में आर्थिक बोझ से सुरक्षित रहेंगे। योजना के विस्तार से सामाजिक समानता और आर्थिक सुरक्षा दोनों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। कुल मिलाकर, बिहार सरकार का यह कदम न केवल कामगारों और महिला कार्यकताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि राज्य में सामाजिक कल्याण और सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मिसाल पेश करेगा।

# पिता से मिलाने का झांसा दे बच्चे को लेकर भाग रहें थे अपहरणकर्ता, चुंगल से भागा बच्चा



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिक्रमगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के नगर परिषद कार्यालय के समीप शहर के गुलजारबाग निवासी अनवर मियां के 12 वर्षीय पुत्र सकिल को एक बाइक सवार उच्चके ने उसके पिता के झांसे में लेकर बच्चे को अपने बाइक पर बैठा कर फरार हो गया। बच्चे को लेकर भागने का अहसास होने पर सब्जी विक्रेता और वहां उपस्थित लोगों में कोहराम मच गया। लोगों ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। अभी पुलिस या शहरवासी उस अपहरण कर्ता का पीछा करते तभी बच्चा दौड़ते हाफते हुए वहां उपस्थित हो गया। बच्चा ने बताया कि मौका पाकर उसके बाइक से कूद गया और शोर मचाने लगा तो अपहर कर्ता बाइक लेकर भाग निकला। बताया जाता है कि एक बाइक सवार युवक नगर परिषद के पास फूटपाथ पर स्थित एक चप्पल दुकान से चप्पल लिया, फिर सब्जी दुकानदार अनवर मियां से सब्जी लिया। पैसा देने के नाम पर बोला कि इस बच्चे को लेकर जाते है मोड़ पर हमारा एक आदमी है, उससे पैसा लेकर दे दूंगा। बच्चे को अपने बाइक पर बैठा कर चला गया। जब कुछ देर तक बच्चा नहीं लौटा तो लोग खोजबीन करने लगे। मोड़ पर तथा आसपास देखे तो कहीं पर बच्चा दिखाई नहीं दिया। तो लोग बेचैन हो गए। इस संबंध में पुलिस को सूचना दिये। बाइक सवार का पीछा करने को सोच हीं रहे थे, इसी बीच बच्चा दौड़ते हाफते हुए वहां आ गया। बच्चे को पाकर लोग राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बच्चे के अपहरण कर लिए जाने की सूचना किसी ने मोबाइल से दी। पुलिस अपहरण कर्ता का पीछा करने अभी निकल हीं रही थी कि बच्चा भाग कर आ गया। हालांकि बाइक सवार की हुलिया की जानकारी लेकर पुलिस बहुत दूर तक गई, लेकिन कहीं उसका कोई पता नहीं चल सका।

# बिहार में एआई के जरिए होगा पीडीएस राशन वितरण, ई-पीओएस और अकतौल मशीन के साथ नई व्यवस्था



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) आधारित नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत अब हर राशन दुकान पर ई-पीओएस मशीनों को डिजिटल तौल मशीनों से जोड़ा जाएगा, ताकि प्रत्येक लेन-देन में वास्तविक समय में अनाज के वजन का डेटा रिकॉर्ड हो सके। यह सुधार राज्य की 55,111 राशन दुकानों में लागू हो चुका है और 5000 नई दुकानों में भी इसे लागू किया जाएगा।खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस प्रणाली से मैनुअल त्रुटियों और अनाज के लिकेज पर पूरी तरह नियंत्रण रहेगा। लाभार्थियों की पहचान वास्तविक समय में होगी और उन्हें उचित मात्रा में राशन मिलेगा। एआई आधारित एनालिसिस के जरिए निर्धारित मात्रा से कम अनाज वितरण की सूचना अपने-आप कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में पहुंच जाएगी, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव होगी। संगठित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए फिंगर प्रिंट रीड न होने की स्थिति में भी आंखों की पुतली और फेस रिकग्निशन से पहचान कर राशन प्रदान किया जाएगा। इस प्रणाली के लागू होने से एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना के तहत प्रवासी और अन्य पात्र लाभार्थियों को बिना किसी रोक-टोक के राशन मिलना सुनिश्चित होगा। साथ ही, प्रत्येक दुकान पर डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से योजना की पात्रता की जानकारी भी प्रदर्शित होगी। नयी व्यवस्था के तहत राशन वितरण की पारदर्शिता बढ़ेगी, स्टॉक में हेराफेरी रोकी जा सकेगी और वितरण प्रक्रिया में अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रहेगी। पूरे प्रदेश से ई-पीओएस और तौल मशीनों का रियल टाइम डेटा सीधे विभाग के सर्वर पर अपलोड होगा, और अक तकनीक के माध्यम से इसका विश्लेषण कर किसी भी अनियमितता का तुरंत पता लगाया जाएगा। इस तरह बिहार में पीडीएस प्रणाली में तकनीकी सुधार के माध्यम से लाभार्थियों को समय पर और सही मात्रा में राशन मिलना सुनिश्चित होगा।

# बिहार में बालू परिवहन पर कड़ी निगरानी जीपीएस लगे वाहनों से ही होगी ढुलाई



**एजेंसी। पटना**

बिहार में अवैध बालू खनन, ढुलाई और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। अब प्रदेश में बालू का परिवहन केवल जीपीएस (ऋद्धर) लगे वाहनों से ही किया जाएगा। इतना ही नहीं, बालू लदे प्रत्येक वाहन के लिए पहले से निर्धारित रूट तय किए जाएंगे, जिन पर चलना अनिवार्य होगा। खान एवं भूतत्व विभाग ने इस व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों और जिलों को दिया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, लंबे समय से यह महसूस किया जा रहा था कि बालू घाटों से निकलने वाले वाहनों की निगरानी प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रही है। कई मामलों में बालू लदे वाहन तय रूट से हटकर दूसरे रास्तों से गुजरते हैं, जिससे अवैध ढुलाई और चोरी-छिपे बिक्री को बढ़ावा मिलता है। इसी समस्या को देखते हुए अब जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम को अनिवार्य किया गया है, ताकि हर वाहन की गतिविधियों पर रियल टाइम निगरानी रखी जा सके। नई व्यवस्था के तहत खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम से जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए बालू लदे वाहनों पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम को यह जानकारी लगातार मिलती रहेगी कि कोई वाहन किस स्थान पर है, किस रूट से गुजर रहा है और क्या वह तय किए गए मार्ग से भटक रहा है या नहीं। जैसे ही कोई वाहन निर्धारित रूट से हटेगा, सिस्टम के जरिए इसकी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंच जाएगी। सूत्रों के अनुसार, रूट बदलने या बिना अनुमति तय मार्ग से हटने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुमार्ना, वाहन जब्ती और परमिट रद्द करने जैसी कार्रवाई शामिल हो सकती है। विभाग का मानना है कि इस कदम से बालू माफियाओं की मनमानी पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। बिहार में बालू अवैध खनन और उससे जुड़ी गतिविधियां लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही हैं। नदियों से अवैध तरीके से बालू निकासी न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है। कई जिलों में यह देखा गया है कि रात के अंधेरे में या प्रशासन की आंखों से बचकर अवैध खनन किया जाता है और फिर उसे अलग-अलग रास्तों से बाजार तक पहुंचाया जाता है। खान एवं भूतत्व विभाग का कहना है कि जीपीएस आधारित इस नई व्यवस्था का मूल उद्देश्य इन्हीं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है। जब हर वाहन की लोकेशन और मूवमेंट रिकॉर्ड में होगी, तो अवैध ढुलाई करना आसान नहीं रहेगा। इससे सरकार को यह भी पता चल सकेगा कि किन इलाकों में अवैध गतिविधियां ज्यादा हो रही हैं।

## जिलों को दिए गए सख्त निर्देश

विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बालू के अवैध खनन, बिक्री और ढुलाई से जुड़े रास्तों और स्थानों की पहचान करें। इसके आधार पर स्थानीय प्रशासन को विशेष निगरानी रखने और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया है। जिलों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बालू घाटों से निकलने वाले सभी अधिकृत वाहनों में जीपीएस सिस्टम सही तरीके से काम कर रहा हो। इसके अलावा, बालू परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की भी नियमित जांच की जाएगी। वाहन चालक के पास ई-चालान, परमिट और अन्य जरूरी कागजात होना अनिवार्य होगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित वाहन और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार को मिलेगा राजस्व, पर्यावरण को राहत

विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था से न केवल अवैध खनन पर रोक लगेगी, बल्कि सरकारी राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। जब बालू की ढुलाई पारदर्शी और नियंत्रित होगी, तो रॉयल्टी और टैक्स की चोरी पर भी लगाम लगेगी। साथ ही नदियों और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने में भी मदद मिलेगी। कुल मिलाकर, जीपीएस आधारित बालू परिवहन प्रणाली बिहार में खनन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यदि इसका सख्ती से पालन किया गया, तो आने वाले समय में अवैध बालू खनन और ढुलाई पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

## एक नजर

### पटना में युवक की हत्या से हड़कंप, केस वापस नहीं लेने पर अपराधियों ने मारी गोली

**पटना।** पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के जलगोविंद गांव में केस वापस लेने की धमकी के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने युवक के पेट में तीन गोलियां दाग दीं। गंभीर हालत में उसे बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जलगोविंद गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मवीर पासवान के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि धर्मवीर पर पिछले कई दिनों से एक पुराने विवाद को लेकर स्थानीय मुखिया पति और उसके समर्थकों द्वारा केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। लगातार मिल रही धमकियों से वह मानसिक रूप से परेशान था।परिजनों के अनुसार शनिवार रात कुछ दबंग लोग धर्मवीर के पास पहुंचे और एक बार फिर केस वापस लेने की धमकी दी। धर्मवीर ने सुबह इस पर बात करने की बात कही, जिससे गुस्साए अपराधियों ने मौके पर ही उसके पेट में तीन गोलियां मार दीं। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। गांव के लोग आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे पीएमसीएच रेफर किया गया। पीएमसीएच में इलाज के दौरान देर रात धर्मवीर की मौत हो गई।इधर, रविवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।

### बिहार में भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर हुई मौत

**पटना।** पश्चिम चंपारण के बेतिया में लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत साहूजैन स्कूल के सामने रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान धोबनी पंचायत के सुगौली गांव वार्ड संख्या 11 निवासी सुकट मुखिया के 28 वर्षीय पुत्र बसंत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बसंत कुमार रविवार शाम अपने घर से बाइक से लौरिया बाजार सब्जी खरीदने के लिए निकला था। इसी दौरान लौरिया से हरीनगर की ओर जा रहा ट्रक विपरीत दिशा से आकर साहूजैन स्कूल के सामने बसंत की बाइक से टकरा गया। टक्कर लगते ही बसंत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना लौरिया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### केवल 10 इंच जमीन के लिए हुई सनसनीखेज वारदात : विवाद में महिला की पिटाई कर हत्या

**पटना।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में जमीन के विवाद ने एक महिला की जान ले ली। सीरिसिया थाना क्षेत्र के सेनुअरिया वार्ड संख्या-10 में रविवार की सुबह लगभग 7:30 बजे यह दुखद घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार, जमीन के मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में बहस बढ़ गई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। इस झगड़े में रामकली देवी (60) गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के अनुसार, सेनुअरिया गांव के मुन्ना महतो और महातम यादव के बीच केवल 10 इंच जमीन को लेकर विवाद शुरू हुआ। विवाद के दौरान मारपीट हो गई। इसी बीच रामकली देवी अपने बेटे को बचाने आईं। आरोपितों ने उन्हें लोहे के खंती से धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपितों ने लात-घूंसे से पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी। गंभीर चोट लगने से महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सीरिसिया पुलिस और ट्रैफिक डीएसपी सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।

# शकुनी चौधरी के 90वें जन्मदिन पर सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे नीतीश, दी लंबी उम्र की बधाई



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास देश रत्न मार्ग पर रविवार को उनके पिता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी का 90वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विजय कुमार चौधरी सहित कई लोग शामिल हुए। नीतीश कुमार ने शकुनी चौधरी को उनके जन्मदिन पर लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शकुनी चौधरी के साथ पुराने दिनों को याद किया और उनके राजनीतिक योगदान की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सम्राट चौधरी की खुब प्रशंसा की। कहा कि सम्राट चौधरी बहुत अच्छे लड़के हैं। मेहनत करते हैं और बहुत आगे तक जाएंगे। पिता के सामने अपनी तारीफ सुनकर सम्राट चौधरी भी मुस्कुराने लगे। वही शकुनी चौधरी से नीतीश ने कहा कि पटना में आकर रहेंगे तो हम रोज आकर आपसे मिलेंगे। नीतीश की बातें सुनकर शकुनी चौधरी काफी खुश नजर आए। इस मौके पर शकुनी चौधरी ने मीडिया से बातचीत में लव-कुश समीकरण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि लालू यादव को सत्ता से बाहर करने के लिए एक समय यह सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बनाया गया था, जिसमें नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि उस दौर में जॉर्ज फर्नांडिस का नेतृत्व था और जो बीज उन्होंने तब बोया था, वही आज फल दे रहा है। उन्होंने खुशी जताई कि आज लव और कुश समाज से आने वाले नेता मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के पद पर हैं।

# बिहार की महिलाओं से माफी मांगें गिरधारी लाल, विपक्ष के बाद अब जेडीयू ने कर दी मांग

**एजेंसी। पटना**

जनता दल यूनाइटेड की विधायक और बिहार महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष अश्वमेघ देवी ने उत्तराखंड सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री के पति गिरधारी लाल साहू द्वारा बिहार की महिलाओं पर दिए गए अपत्तिजनक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। अश्वमेघ देवी ने कहा कि गिरधारी लाल का यह बयान महिलाओं के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने मांग की कि मंत्री पति तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, क्योंकि बिहार की महिलाएं इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार महिलाओं के मान-सम्मान और सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियां राजद और कांग्रेस के साथ-साथ अब बीजेपी की सहयोगी पार्टी जदयू ने भी इस बीजेपी नेता के इस बयान की निंदा की है। गिरधारी लाल को महिलाओं से माफी मांगने को कहा। अश्वमेघ देवी ने कहा कि पूरी पार्टी महिलाओं के सम्मान के लिए खड़ी है। अश्वमेघ देवी ने कहा कि गिरधारी लाल के बयान की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। विधायक ने कहा कि बिहार की महिलाएं राजनीतिक, प्रशासनिक और अन्य क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर हैं। ऐसे में यह बयान किसी भी रूप में बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा, ह्वबिहार की महिलाएं पूरे देश में अपना परचम लहरा रही हैं, और 25 हजार में खरीदने की बात करने वाले गिरधारी लाल को यह बात समझना चाहिए। दो दिन पूर्व उत्तराखंड के मंत्री पति गिरधारी लाल साहू ने एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे लोगों के सामने यह बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं 25 हजार में खरीदी जा सकती हैं।

# मोतिहारी में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, पशुचारा में छिपाकर लाए गये 30 लाख की यूपी निर्मित शराब



**एजेंसी। पटना**

उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 30 लाख रुपये मूल्य की यूपी निर्मित शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। उत्तर प्रदेश से पशुचारा में छिपाकर शराब की बड़ी खेप जो लाखों रुपए की है, उसे बरामद किया गा है। यह कार्रवाई मधुबन उत्पाद थाना क्षेत्र में की गई। उत्पाद विभाग की पुलिस को सूचना मिली थी कि पकड़ी दयाल इलाके में यूपी नंबर के एक ट्रक के जरिए शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर मधुबन उत्पाद थाना की टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में तहखाना बनाकर पशुचारे के बीच छुपाकर रखी गई 100 कार्टून ब्रांडेड शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब के साथ-साथ ट्रक और पशुचारा भी जब्त कर लिया है। मधुबन उत्पाद थाना के इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि शराब की खेप यूपी से लाई जा रही थी और उसे बेहद चालाकी से ट्रक में छिपाया गया था। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां ले जाई जा रही थी, इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसकी डिलीवरी किसे दी जानी थी। इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# बिहार में अगले 5 दिन और गिरेगा तापमान, मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नए साल की शुरूआत के साथ ही मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। बीते दो दिनों तक राजधानी पटना समेत राज्य के कई हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली थी, लेकिन अब हालात फिर से बदल गए हैं। राजधानीवासियों के लिए सूर्य दर्शन दुर्लभ हो गया है और शीतल हवाओं ने ठंड का अहसास और बढ़ा दिया है। सुबह-शाम के समय ठंड लोगों को कपकपाने पर मजबूर कर रही है, वहीं कोहरे के कारण जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने राज्य का ताजा मौसम अपडेट जारी किया है। विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहा और कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। हालांकि, तापमान में आई गिरावट और कोहरे ने ठंड को और तीखा बना दिया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में राज्य का अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस से 20.6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस डेहरी (रोहतास) और बांका में दर्ज किया गया। खास बात यह रही कि राज्य के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे दिन के समय भी ठंड का असर साफ तौर पर महसूस किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस छपरा (सारण) में दर्ज किया गया। पूरे बिहार में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री से 14.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हालांकि, बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि भी दर्ज की गई, लेकिन ठंडी हवाओं और कोहरे के कारण ठंड का प्रभाव कम नहीं हुआ।

## कोहरे का बढ़ता असर

कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार, सबसे कम दृश्यता 50 मीटर वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण) में दर्ज की गई। घने कोहरे के कारण सुबह के समय सड़कों पर वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर ट्रेनों और बसों की आवाजाही प्रभावित रही, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ी।

## अगले सात दिनों का पूवार्नुमान

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, अगले सात दिनों तक प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, ठंड से राहत मिलने के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं।

## कोहरा पूवार्नुमान

अगले 2 से 3 दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गई है। खासकर सुबह और देर रात के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है।

## तापमान प्रवृत्ति

अधिकतम तापमान में अगले 5 दिनों के दौरान कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं, न्यूनतम तापमान में अगले 5 दिनों के भीतर 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड और बढ़ने के आसार हैं।

## सतर्क रहने की सलाह

मौसम विभाग ने लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने को कहा गया है। वाहन चालकों को भी कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने की अपील की गई है। कुल मिलाकर, बिहार में नए साल की शुरूआत ठंड और कोहरे के साथ हो रही है और आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है।

# आईआरसीटीसी घोटाला ममाले में आरोप तय होने के फैसले को लेकर लालू यादव पहुंचे दिल्ली

**एजेंसी। पटना**

देश के चर्चित आईआरसीटीसी घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। लालू यादव ने ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के तहत आरोप तय किए जाने के आदेश को चुनौती दी है। उनकी याचिका पर सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की एकल पीठ सुनवाई करेगी। इस मामले को लेकर राजनीतिक और कानूनी हलकों में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। दरअसल, अक्टूबर 2025 में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी घोटाले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय किए थे। ट्रायल कोर्ट का मानना था कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, जिनके आधार पर मुकदमा चलाया जा सकता है। आरोप तय होने के बाद से ही लालू यादव इस आदेश को चुनौती देने की तैयारी में थे, और अब उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। इस मामले में लालू यादव अकेले आरोपी नहीं हैं। उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके बेटे, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस केस में आरोपी हैं।